The question was put and the motion was adopted.

MOTION FOR ELECTION TO THE COURT OF THE ALIGARH MUSLIM UNIVERSITY.

THE MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI O. RAJGOPAL): I, on behalf of Dr. Murli Manohar Joshi move the following Motion :—

"That in pursuance of item (xxiv) of Clause (1) read with clause (2) of Statute 14 of the Statutes of the Aligarh Muslim University made under the Aligarh Muslim University (Amendment) Act, 1981, this House do proceed to elect, in such manner as the Chairman may direct, one member from among the members of the House to be a member of the Court of the Aligarh Muslim University."

The question was put and the motion was adopted.

SPECIAL MENTIONS

Assault on Shri Munavvar Hasan, M.P. by Uttar Pradesh Police

श्री मुनव्वर हसन (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं एक ऐसी घटना का विवरण आपके सामने और सदन के सामने रखना चाहता हूं जो मुझसे जुड़ी हुई है। यह घटना बहुत ही दुखद है। उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फर नगर के थाना कांधला दिनांक 5-5-2000 का यह किस्सा है। वहां पर एक ग्राम प्रधान की पिटाई वहां के एसएचओ ने की थी। उसके विरोध में सभी पार्टियों के लोगों ने वहां धरना दिया हुआ था। वहां पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। उसमें कांग्रेस पार्टी के लोग थे, बहुजन समाज पार्टी के लोग थे और हम लोग भी थे। मेरे साथ विधान सभा के दो सदस्य और दो पूर्व सदस्य विधान सभा के थे। इनके अलावा भी काफी लोग वहां पर मौजूद थे। पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ बड़ी शांति से वह धरना चल रहा था । हम लोग थाने से करीब 500 मीटर की दूरी पर अलग धरने पर बैठे हुए थे और मांग कर रहे थे कि जिस निर्दोष ग्राम प्रधान की पिटाई हुई है, उसके खिलाफ जो झूठे केस बनाये